पर्व

महिलाओं ने हाथों में लगाई मेंहदी, फुलेहरा, विधि विधान से की जायेगी पूजा

# तीजा पर्व आज, जमकर हुई खरीदारी



**जबलपुर, नवभारत।** त्योहारों का सीजन शुरू होती है बाजारों में इसकी चमक दिखने लगी है। आज महिलाएं हरितालिका तीज का व्रत रखेगी तो वही इस त्यौहार और गणेश उत्सव से जुड़ी खरीदारी करने वाले आमजनों की भीड़ बाजारों में देखने को मिली। जहां महिलाएं रंग बिरंगी साड़ियां एवं श्रृंगार के समान को खरीदते हुए दिखीं, तो वही दूसरों के द्वारा घरों में साज सज्जा से जुड़ी झालर, लटकन खरीदने के लिए मोलभाव करते देखे गए। महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा कॉटन, शिफॉन नेट एवं अन्य वस्तुओं से बनी साड़ियों को पसंद किया जा रहा है वहीं मेहंदी व पार्लर की बुकिंग भी एडवांस में कर ली गई है।

### तैयारियां पूरी, कल विराजेंगे बप्पा

गणेश उत्सव को लेकर घरों में विशेष सजावट पूरी की जा चुकी है। जिसमें फूलों, पारंपरिक वस्तुओं, और रंगोली आदि का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल और लोकल थीम का भी भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। गणेश प्रतिमा बेचने सदर में पंडाल लगाए एक दुकानदार की माने तो इस बार सारी प्रतिमाएं नर्मदा की मिट्टी से बनाई जा रही है। वही प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों की मांग पिछले साल के मुकाबले इस साल कम है। मूर्तियों की कीमत 200 रुपए से लेकर 10 हजार तक रखी गई है। वही घरों में गणेश जी का मंडप फूलों, रंगीन कपड़ों, केले के पत्तों और पारंपरिक रंगोली से सज़ाए जा रहे हैं। बिजली की झालर लाइटों को स्पार्कल कलर से पेंट करके सजावट की जा रही है। केले और ताड़ के पत्तों का उपयोग करके, मिट्टी की सजावट और हस्तनिर्मित कागज के फूलों से एक पर्यावरण के अनुकूल मंडप बनाए जा रहे हैं। झूमर, लाइट और दीये उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक बनाएंगे।

### आज है तीज, मेंहदी का महत्व

हरितालिका तीज और गणपति उत्सव की खरीदारी करने गोरखपुर बाजार पहुंची दिव्या राजपूत ने बताया कि हरितालिका तीज के त्यौहार में हाथों में मेहंदी लगाने का एक विशेष महत्व है। उन्होंने आगे बताया कि तीज का व्रत रखते हुए उन्हें 30 वर्ष बीत चुके हैं। इस त्यौहार के अवसर पर घरों में पकवान बनाए जाते हैं उसके साथ ही पूरी रात महिलाएं भजन कीर्तन भी करती हैं। वही रेखा सिंह द्वारा बताया गया कि उन्हें अरेबियन स्टाइल मेहंदी लगवाने का शौक है। उन्होंने आगे बताया कि सुहागन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए तीज का वध रखती हैं।

### इनका कहना है



श्रृंगार का सामान पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार महंगा आया है। बावजूद इसके लोग खरीद रहे हैं।

**किशन लाल**



गणेश जी की प्रतिमाएं हमारे यहां 7 से 8 हज़ार रु.तक की है। लेकिन घरों में 500 से लेकर 1000 तक की प्रतिमा ही रखी जा रही है।

**गीता चक्रवर्ती**



## प्राचीनकाल में गुरुकुल परम्परा से होता था अध्ययन

▸ रादुविवि के विधि विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** विश्वविद्यालय के विधि विभाग में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नवीन सत्र 2025-26 के बीएएलएलबी एवं एलएलएम प्रथम वर्ष के नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि यह शाश्वत परम्परा है कि छात्रों का स्वागत किया जाए प्राचीनकाल में गुरुकुल परम्परा से अध्ययन चलता था। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने कार्य एवं कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता व समयबद्धता बरतने के साथ-साथ विधि के क्षेत्र में ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापति करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन विधि विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो.ममता राव ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. दिव्या चंसोरिया ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधि विभाग के शिक्षकगण डॉ. देवीलता रावत, डॉ सुनील शर्मा, डॉ अर्पण शुक्ला, डॉ उमाकांत गजबीर, डॉ नीना प्यासी, डॉ सुजाता श्रीवास्तव एवं कर्मचारीगण श्री विनोद अग्रवाल, श्रीमती श्वेता श्रीवास, श्री उमेश शुक्ला एवं श्रीमती ज्योति बिरहा सहित समस्त नव प्रवेशित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## साहसिक कार्य करने वाले प्रफुल्ल हुए सम्मानित



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ( एमपी ट्रांसको) के प्रफुल्ल घाटोड ने अदम्य साहस और असाधारण हिम्मत का परिचय देकर इतिहास रच दिया ।40 मीटर ऊँचाई और सैकड़ों फीट गहरी खाई के बीच स्थित मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र की अति महत्वपूर्ण इंटरस्टेट ट्रांसमिशन लाइन पर उन्होंने मंकी क्रॉलिंग तकनीक से 90 मीटर की दूरी तय कर कठिन सुधार कार्य को अंजाम दिया। उनकी इस उपलब्धि से दोनों राज्यों के बीच पावर ट्रांसमिशन सिस्टम अल्प समय में पुन: सुचारु हो सका। उनके इस अति विशिष्ट कार्य के लिए उन्हें जबलपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर हुए समारोह में पुरस्कृत किया गया। आमतौर पर ट्रांसमिशन लाइनों पर बेल्ट के सहारे सीमित दूरी ही तय की जाती है, लेकिन ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस छिंदवाड़ा में पदस्थ कार्मिक न प्रफुल्ल घाटोड द्वारा 90 मीटर की दूरी तय कर फाल्ट सुधारना एक दुर्लभ और मिसाल कायम करने वाला कार्य है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस साहसिक कार्य की सराहना करते हुए कहा प्रफुल्ल घाटोड जैसे कार्मिक पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके इस अद्भुत कार्य के लिए एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने जबलपुर में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया।

### ब्रह्मलीन शंकराचार्यजी के जन्मदिवस पर होंगे विभिन्न आयोजन

**जबलपुर।** ब्रह्मलीन द्वितीश्वर पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की जन्मदिवस पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर में ब्रह्मलीन द्वितीश्वर पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के जन्मोत्सव पर मंदिर में माता का सिंगार अभिषेक किया जाएगा,दोपहर 1 बजे ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में पादुका का पूजन किया जाएगा, जिसमें समस्त गुरु पूजन में शामिल होंगे।संध्याकाल भगवती की महाआरती होगी। उपस्थिति की अपील भारत सिंह यादव, बीके पटेल, मनोज सेन आदि ने की है।

## आचार्यश्री शांतिसागर महाराज बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य थे

▸ आचार्यश्री शांतिसागर महाराज का समाधि दिवस मनाया



**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर सभामंडप में रविवार को आचार्यश्री शांतिसागर महाराज का समाधि दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम आचार्यश्री समयसागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि आचार्यश्री शांतिसागर महाराज बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य थे, जिन्हें चारित्र चक्रवर्ती की उपाधि मिली। उनके बाद आचार्य वीरसागर, श्रुतसागर, ज्ञानसागर और विद्यासागर महाराज ने श्रमण परंपरा को आगे बढ़ाया। आचार्यश्री शांतिसागर महाराज ने अपने साधु जीवन में 1134 उपवास किए थे। उन्हें समाधि लिए 70 वर्ष हो चुके हैं। धर्मसभा की शुरुआत में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर रायपुर और चंदागिरी तीर्थ के प्रतिनिधि मंडल सहित राजकुमार कक्का और मुकेश फणीश मौजूद रहे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने आगामी 1 से 5 नवम्बर तक रानीताल पीएनटी कॉलोनी टेलीग्राफ ग्राउंड में आयोजित होने वाले अमृत तीर्थ जिनालय पंचकल्याणक महोत्सव के लिए आचार्यश्री का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु श्रीफल समर्पित किया। आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मल्लेलाल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

### एक नजर में



### 28 सितंबर को होगा शस्त्र पूजन एवं त्रिशूल दीक्षा

**जबलपुर।** विगत दिनों जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल जबलपुर जिले की बैठक सदर रामलीला मैदान में संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने बताया कि शारदेय नवरात्र के षष्ठी तिथि 28 सितंबर 2025, रविवार को रामलीला मैदान सदर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम एवं त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम होगा। जिसमें 2100 शस्त्रों के पूजन का संकल्प तथा जबलपुर जिले में 21000 शस्त्र हिन्दू समाज द्वारा पूजित किया जाएंगे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, वीरेंद्र साहू,सुमित यादव,शुभांशु त्रिपाठी,उदय पांडे, ब्रह्मानंद दुबे, सुनील शर्मा, जयराज पिल्ले, रविन्दर पाल चड्ढा, मृगांक शुक्ला,संदीप यादव, राधा तिवारी,छाया कुरील, विकास सराठे, जितेंद्र तिवारी बंटी महाराज इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



### राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात

**जबलपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से केंट विधान सभा के कार्यकर्ता पं निशांत शर्मा ने मुलाकात कर उन्हें केंट की चल रही समस्याओं से अवगत कराया। निशांत शर्मा ने सभी 29 बंगले एवं बगीचे नगर निगम में विलय करने, उनका स्वामित्व रक्षामंत्रालय को ना देने एवं फ्री होल्ड की मांग की हैं। इस दौरान केंट वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर।** सोमवार को वन विभाग के जबलपुर वनमंडल अंतर्गत रानीताल खेल परिसर में 28वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का राज्य वन मंत्री दिलीप अहिरवार की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया ।

### जरीना अमरजी सर्वसम्मति से चुनी गई अध्यक्ष

**जबलपुर।** ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरिज संगठन मंडलीय इकाई जबलपुर की चतुर्थ त्रिवार्षिक सभा का आयोजन विगत दिवस हुआ। जिसमें जबलपुर, छिंदवाड़ा, दमोह एवं कटनी के पेंशनरों ने सहभागिता की। मध्यप्रदेश राज्य सचिव वी. के. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में इकाई की नई कार्यकारिणी का चयन हुआ। नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए जरीना अमरजी को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। निर्मल मुटरेजा उपाध्यक्ष राजन सक्सेना सचिव, आर.के. जोशी सहसचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। सभा में प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र नेमा ने मंडलीय इकाई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आभार अरूण विश्वकर्मा ने व्यक्त किया, संचालन पी.डी. दीक्षित ने किया।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के पूर्व अध्यक्षों की बैठक



**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा) के पूर्व अध्यक्षों के फोरम की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में जबलपुर में आयोजित की गई। फोरम के अध्यक्ष रोटेरियन हीरालाल महापात्र, सचिव रोटेरियन एमडी परवेज अली खान के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान, फोरम के निष्क्रिय बैंक खाते को फिर से सक्रिय करने की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही, फोरम के वार्षिक आयोजन रोटरी कॉन्क्लेव-2025-26 को 10-11 जनवरी को बिलासपुर में आयोजित करने पर सहमति बनी। फोरम के सदस्यों की संख्या को 500 से अधिक करने के लक्ष्य पर भी चर्चा की गई। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोटेरियन लोकेश चौबे और रोटेरियन अंकुर माहेश्वरी को जबलपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस बैठक की विस्तृत जानकारी पूर्व अध्यक्ष, रोटेरियन नितिन जैन ने दी। बैठक में ओडिशा से रोटेरियन एमडी परवेज अली खान और रोटेरियन हीरालाल सहित कोषाध्यक्ष रोटेरियन वीनोद गोयल और रोटेरियन आनंद मिश्रा प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। जबलपुर से पूर्व सचिव रोटेरियन एस.पी.सिंह ऋषि, पूर्व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन सारंग भिड़े, रोटेरियन लोकेश चौबे, एन. के. श्रीवास्तव, रोटेरियन अंकुर माहेश्वरी, रोटेरियन समीर कानड़े, रोटेरियन रवि वैश्य, और रोटेरियन कृष्ण दुबे जैसे कई रोटेरियन ने भाग लिया।



## अंतरिक्ष दिवस पर बनाई रंगोली

**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में 23 अगस्त 2025 को भौतिक शास्त्र एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग तथा ऊर्जा क्लब के द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया। रंगोली में प्रथम मनसा बर्मन ,पोस्टर में प्रथम भारतीय सिलावट तथा निबन्ध प्रतियोगिता में आशिता जग्गी प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ सुनील पाहवा, प्रचार्य डॉ संगीता झाम तथा रजिस्ट्रार डॉ सत्येन्द्र कुररिया के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ प्रीति पाठक, डॉ कविता गौर, डॉ रमणीक कौर, स्वाति चौरसिया का विशेष योगदान रहा।

## आशियाना संस्कार समिति ने किया 920 पौधों का रोपण



**जबलपुर।** सामाजिक संस्था आशियाना संस्कार समिति के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम की अनवरत श्रृंखला के तहत नर्मदा तट के समीप स्थित गांवों में 920 पौधों का रोपण किया। संस्था की अध्यक्ष रागिनी ठाकुर ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा नर्मदा तट के समीप स्थित ग्राम पंचायतों की शासकीय भूमि में वृक्षारोपण किया जा रहा है। आज रविवार को ग्रामीण जनों के सहयोग से बिलखरवा व रामखिरिया ग्राम पंचायत में 920 पौधे रोपित किए गए। इसके पूर्व मगरमुहां पंचायत में संस्था ने 450 पौधे रोपित किए थे। जिसमें ग्रामीण विकास व पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी शामिल हुए थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी पुष्पलता सिंह पटेल, प्रबल सिंह पटेल, संस्था की अध्यक्ष रागिनी ठाकुर, राजकुमार पटेल पार्षद, दीपांशी लोधी, रिचा सेनगुप्ता, राजुकमार ठाकुर, सौरभ नामदेव, सरपंच पार्वती अनिल दुबे उपसरपंच महेश पटेल, सचिव मोना वंशकार सहायक सचिव राजेश झारिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जिडास ने प्रमुख प्रकाशनों का किया विमोचन



जबलपुर। जिडास अकादमिक उद्घाटन के अवसर पर, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एक्शन एंड स्टडीज ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए अपने प्रमुख प्रकाशनों के विमोचन के साथ एक महत्वपूर्ण अकादमिक मील का पत्थर हासिल किया। प्रकाशनों का विमोचन निदेशक डॉ. फ्र. ऑस्कर एस. तिर्की, एसजे और जिड प्रकाशन के प्रमुख सहायक प्रोफेसर कामना माइकल के नेतृत्व में किया गया। विमोचित प्रकाशनों में जिडास वार्षिक रिपोर्ट 2024-2025, जिसमें पिछले वर्ष के दौरान संस्थान की उपलब्धियों और पहलों को उजागर किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में श्री उत्कर्ष गुप्ता, सीईओ, विजय इंडस्ट्रीज, मिस सोम्या मेहता, एचआर मैनेजर, पश्रिचा, सेसिल एंथनी, डीन, और डॉ. नम्रता विलियम्स, प्रिंसिपल शामिल थे।

आयोजन

हिंदी- बुन्देली संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## लोक संस्कृति है जीवन का आलोक



**जबलपुर, नवभारत।** मंथनश्री एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद के तत्वावधान में हिंदी- बुन्देली संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन लोक भाषा विज्ञानी एवं शिक्षाविद डॉ.पूरनचंद श्रीवास्तव की स्मृति में जानकी रमन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि लोक संस्कृति में जीवन का आलोक समाहित है। डॉ पूरनचंद श्रीवास्तव ने लोक भाषा के लिए बहुत काम किया है उन्होंने कहा कि हमारी लोक भाषा बुंदेली हमारी संस्कृति का एक मजबूत प्रतिबिंब है जो क्षेत्र के इतिहास, लोक कथाओं, प्रथाओं, रीति रिवाज, जीवन शैली के साथ अनूठी शब्दावली, गीत, मुहावरों एवं भाषा के माध्यम से दर्शाती है। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार नलिन कांत वाजपेई के मुख्य आतिथ्य, प्रो. शरद चंद्र पालन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### इनका रहा सहयोग

संस्थापक संतोष नेमा ने स्वागत उद्बोधन में मंथनश्री के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता राजेश पाठक ने पूरन चंद्र श्रीवास्तव के जीवन वृत पर विस्तृत प्रकाश डाला अतिथियों का स्वागत सुशील श्रीवास्तव ने एवं कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्रा एवं सिद्धेश्वरी सराफ ने किया। इस अवसर पर विजय तिवारी किसलय, पुरुषोत्तम भट्ट, विशिष्ट अतिथि यशोवर्धन पाठक, विजय नेमा, प्रतुल श्रीवास्तव, विनीता पैगवार रूपम वाजपेई मौजूद थीं। वही मंगल भाव निर्मला तिवारी, प्रभा विश्वकर्मा, डॉ संध्या जैन श्रुति, ने प्रस्तुत किया।

नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा ( हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER